5 साल के बालक की मौत

अलवर/बहरोड, 28 फरवरी (वेबवार्ता)। अलवर के सदर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर दी। जिससे 5 साल के बालक की मौत हो गई। माता-पिता घायल हो गए। घटना शुक्रवार दोपहर की है। परिजनों ने बताया कि कारोली गांव निवासी घायल जीलशान व उसकी पत्नी साहूनी अपने दो बच्चों के साथ रामगढ़ से दवा लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। बहादरपुर के पास उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे दूर जाकर गिरे। इस एक्सीडेंट में 5 साल के बालक आवेश की मौत हो गई।

बादल बन रहे बाधा, सरसों की कटाई तेज

अलवर/बहरोड, 28 फरवरी (वेबवार्ता)। अलवर में मौसम बदला है। शुक्रवार सुबह भी कहीं हल्के तो कहीं घने बादल छाने से धूप नहीं निकली। सरसों की कटाई के समय किसानों की परेशानी बढ़ी है। बारिश होने जैसा मौसम होने से कटी हुई फसल के खराब होने का डर रहता है। शुक्रवार सुबह से बादल छाने से धूप नहीं निकली। जिसके कारण हल्की सर्दी का असर बढ़ा है। दिन में धूप निकलने के बाद सर्दी बिल्कुल गायब लगती है।

रीट का पहले दिन का पेपर खत्म

अलवर/बहरोड, 28 फरवरी (वेबवार्ता)। रीट का पहले दिन की दो पारियों का एग्जाम खत्म हो गया है। पहली पारी में आज सुबह 10 बजे से पेपर शुरू हुआ था। अभ्यर्थियों को सुबह 9 बजे तक प्रवेश दिया गया। पहली पारी में 82 पर्सेंट तो दूसरी पारी में 86 पर्सेंट उपस्थिति रही। अलवर जीडी कॉलेज के बाहर यूपी से आई एक महिला अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिला तो वह रोने लगी। उसने कहा- तीन दिन पहले घर से एग्जाम देने के लिए निकली थी। एग्जाम सेंटर जीडी कॉलेज की गूगल लोकेशन से पहले पीछे की तरफ चले गए। वहां से वापस मुख्य गेट की तरफ आए। इस कारण 2 मिनट देर हो गई। लेकिन एग्जाम में नहीं प्रवेश करने दिया गया। यहां दो-तीन अन्य छात्राओं को भी एग्जाम सेंटर में नहीं घुसने दिया गया। आर्य कन्या उमावि हसन खां में अभ्यर्थी रोहित ने अपने पैर के धागे को

तोड़ते हुए कहा- रीट के एग्जाम में पास होने के लिए यह धागा बंधवाया था। अब परीक्षा से पहले इसे तोड़ना पड़ा है। इसी तरह महिला अभ्यर्थियों ने भी पैर में धागा बांध रखा था। उनको भी कैची से कटवाना पड़ा। रीट के एग्जाम में बायोमैट्रिक एंट्री की गई। एक-एक अभ्यर्थी की फोटो भी स्कैन की गई है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगा। सुबह 9 बजे से पहले यह प्रक्रिया चली। हर सेंटर पर बायोमैट्रिक मशीन से एंट्री दो-तीन मशीनों से की गई। एक-दो सेंटर बायो मैट्रिक भी खराब होने की सूचना मिली।

अलवर व मांढण में कन्या महाविद्यालय खुलेगा

अलवर/बहरोड, 28 फरवरी (वेबवार्ता)। राज्य सरकार के रिव्यू बजट में अलवर व बहरोड़ के मांढ़ण में कन्या महाविद्यालय खोलने की बड़ी घोषणा की गई है। कोटकासिम में आईटीआई को भवन निर्माण होगा। वहीं रामगढ़ व गोविंदगढ़ में दो बड़ी रोड़ बनाने का बजट मंजूर किया गया है। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने रिव्यू बजट में अलवर शहर और बहरोड़ के मांढ़ण में नवीन कन्या महाविद्यालय खोलने की घोषणा की है। शहर के बुधविहार में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाया जाएगा। रामगढ़ में जालूकी चौराहे से सीकरी वाया गोविंदगढ़ 14 किलोमीटर की सड़क चौड़ाइकरण के लिए 21 करोड़ रुपए, रामगढ़-गोविंदगढ़ रोड ग्राम चिडवाई से बडौदामेव वाया जयसिंहपुरा चौलाइबास सड़क चौड़ाइकरण के लिए 14 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। तिजारा टोल टैक्स से कृषि उपज मंडी तिजारा वाया बस स्टैंड तिजारा सड़क चौड़ाईकरण के लिए 26 करोड़ रुपए, खेड़ी खरखड़ी हरियाणा सीमा तक सड़क चौड़ाइकरण के लिए 7 करोड़ रुपए, माजरी भांडारोड होते हुए सरूपसराय होते हुए पदमाड़ा कला तक डेढ़ करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

जयपुर में 1.40 करोड़ की अवैध शराब पकड़ी

जयपुर, 28 फरवरी (वेबवार्ता)। जयपुर ग्रामीण पुलिस ने ऑपरेशन नॉकआउट के तहत कार्रवाई कर अवैध शराब से भरे दो ट्रक पकड़े हैं। पुलिस ने शराब तस्करी में एक बदमाश को अरेस्ट किया है। पुलिस ने दो ट्रकों में भरी मिली 1.40 करोड़ रुपए की अवैध शराब को जब्त किया है। दोनों ट्रकों में कपड़े की कतरने के पीछे अवैध शराब छिपा तस्करी कर गुजरात ले जाई जा रही थी। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। उप-महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया- जयपुर ग्रामीण जिले में अवैध मादक पदार्थ व शराब तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन नॉकआउट चलाया जा रहा है। जयपुर ग्रामीण के अलग-अलग दो थानों की पुलिस ने कार्रवाई कर 1.40 करोड़ रुपए कीमत की पंजाब निर्मित अवैध शराब पकड़ी है। जिले की दूदू थाना पुलिस ने 60 लाख रुपए कीमत की 742 कार्टून शराब सहित ट्रक जब्त किया है। वहीं, मौखमपुरा पुलिस ने 80 लाख रुपए कीमत की 841 कार्टून शराब सहित ट्रक जब्त कर ड्राइवर को अरेस्ट किया है। दूदू पुलिस ने पकड़ी 80 लाख की अवैध शराब एसपी जालोर ऑफिस के कॉन्स्टेबल किशन लाल की सूचना पर एसएचओ (दूदू) मुकेश कुमार ने अपनी टीम के साथ मिलकर एनएच-48 पर दांतरी गांव के पास स्थित होटल जयपुर प्लाजा पर दबिश दी। होटल में खड़े ट्रक की तलाश ली। तलाशी में ट्रक में पुराने कपड़ों की कतरन की गांठे भरी मिली। इसके पीछे पंजाब निर्मित ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर के कुल 821 कार्टून मिले। पुलिस शराब की तस्करी कर लाए ट्रक ड्राइवर की तलाश की, लेकिन वह फरार

हो गया। पुलिस ने तस्करी में यूज ट्रक व उसमें भरी मिली करीब 80 लाख कीमत की अवैध शराब को जब्त किया। मौखमपुरा पुलिस ने पकड़ी 60 लाख की अवैध शराब एसएचओ (मौखमपुरा) संजय मीणा को गुरुवार को जालोर पुलिस से सूचना मिली कि अवैध शराब लेकर एक ट्रक हरियाणा से गुजरात की तरफ जा रहा है, जो अभी बगरु के आस-पास है। इस पर टीम ने अजमेर जाने वाले रोड पर ट्रक का पीछा कर महला पुलिया के पास नाकाबंदी कर ट्रक रुकवाया। ट्रक में कपड़े की गांठ की आड़ में पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के कुल 742 कार्टून छुपाए हुए थे। इस पर अवैध शराब सहित ट्रक जप्त कर आरोपी चालक जसाराम जाट (32) पुत्र गिरधारी राम निवासी भीमथल धोरीमना बाड़मेर को अरेस्ट किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अवैध शराब की तस्करी कर गुजरात ले जाना स्वीकार किया। पकड़ी गई अवैध शराब की कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी गई है।

जयपुर में बस-स्टैंड पर खड़े लोगों को लूटने वाली गैंग

जयपुर, 28 फरवरी (वेबवार्ता)। जयपुर में फिल्मी स्टाइल से लूट करने वाली गैंग का गांधी नगर थाना पुलिस ने गुरुवार रात खुलासा किया है। पुलिस ने बस स्टैंड पर खड़े लोगों को टारगेट कर लूटने वाले दो बदमाशों को अरेस्ट किया है। गैंग के बदमाश सरकारी वाहन से छोड़ने का बहाना बनाकर बीच रास्ते लूट की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 1.10 लाख रुपए व बाइक बरामद की है। डीसीपी (ईस्ट) तेजस्वनी गौतम ने बताया- लूट गैंग के बदमाश नदीम निवासी गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश और रियाजु सद्दीकी निवासी गाजियाबाद उत्तर

प्रदेश हाल प्रताप नगर को अरेस्ट किया गया है। पिछली 10 फरवरी को कोटपूतली बहरोड़ निवासी रामसिंह सैनी के साथ लूट की वारदात हुई थी। नारायण सिंह सर्किल पर खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान बातों में उलझाकर दो बदमाश उन्हें बाइक पर बैठाकर ले गए। तख्तेशाही रोड पर उनका बैग छीनकर फरार हो गए। लूटे गए बैग में 2.25 लाख रुपए और बैंक डॉक्यूमेंट रखे थे। बचने के लिए बाइक नंबर छिपाए डीसीपी (ईस्ट) तेजस्वनी गौतम ने बताया- बस स्टैंड पर लूट की बढ़ती वारदातों को देखते हुए गांधी नगर थानाधिकारी आशुतोष सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने CCTV फुटेजों के आधार पर बदमाशों को चिह्नित कर धर-दबोचा। पुलिस ने बदमाशों ने लूट में यूज बाइक और 1.10 लाख रुपए बरामद किए। दोनों बदमाशों ने पुलिस पकड़ से बचने के लिए बाइक के आगे के क्क लिखे नंबर प्लेट तोड़ रखी थी। पीछे की नंबर प्लेट को हेलमेट लगाकर छिपा रखा था। ऐसे करते थे वारदात गैंग के बदमाश फिल्मी स्टाइल में लूट की वारदात को अंजाम देते थे। एक बदमाश बस स्टैंड पर पहुंच कर आवाज लगाता था कि अलवर, पावटा की बस नहीं आ रही है। इस पर लोग उससे जानकारी लेते थे। तभी दूसरा बदमाश बाइक से अपने साथी के पास पहुंच जाता था। कहता वह भी अलवर, पावटा की तरफ जा रहा है, लेकिन वह रास्ता नहीं जानता। मैं आपको पावटा या अलवर के नजदीक छोड़ दूंगा।

एसआई पेपर लीक के मास्टरमाइंड के साथी को मिली जमानत

जयपुर, 28 फरवरी (वेबवार्ता)। एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपी शिवरतन मोट को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस गणेशराम मीणा की अदालत ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा- एसओजी अपनी जांच में ऐसा कोई तथ्य पेश नहीं कर पाई, जिससे यह साबित होता हो कि शिवरतन मोट सेंटर पर मौजूद था। आरपीएससी द्वारा जिन व्यक्तियों की ड्यूटी प्रश्न पत्र रखने वाले कमरों के बाहर लगाई गई थी। उस आदेश में भी आरोपी का नाम नहीं है। एसओजी का कहना है कि पेपर लीक गैंग के मास्टर माइंड यूनिक भांबू ने अपनी जगह शिवरतन मोट को तैनात किया था। आरपीएससी ने लॉक रूम और सेंटर की जो वीडियोग्राफी करवाई थी, जिससे यह पता चल सके कि आरोपी मौके पर मौजूद था या नहीं। वो भी एसओजी के पास नहीं है। ऐसे में हाईकोर्ट केस की मेरिट पर बिना कोई टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा करना न्यायोचित और उचित समझता है।

बेटी बचाओ-पढ़ाओ योजना के 455 करोड़ गायब, जवाब दे सरकार: खरगे

नई दिल्ली, 28 फरवरी (वेब वार्ता)। कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार की महत्वपूर्ण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 455 करोड रुपए गायब हो गए हैं और सरकार को इस बारे में देश की बेटियों को जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सूचना के अधिकार आरटीआई के तहत हुए इस खुलासे पता चलता है कि मोदी सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर कितना गंभीर है। इससे साबित होता है कि सरकार सिर्फ लुभावने नारे देती है और हकीकत उसके विपरीत होती है।

श्री खरगे ने कहा, आरटीआई से खुलासा हुआ है कि मोदी सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना में 455 करोड़ रुपए ग़ायब हो गए ह

उन्होंने कहा, बहुत हुआ नारी पर वार वाले भाजपाई विज्ञापन की गूँज पिछले 10 वर्षों से उन सभी महिलाओं की चीखों का उपहास उड़ा रही हैं जो भाजपा राज में और कभी- कभी भाजपा के गुंडों द्वारा प्रताड़ित हुईं हैं। हाल ही में हुआ पुणे में सरकारी बस में एक महिला का रेप हो या मणिपुर व हाथरस की हमारी बेटियाँ हों या फ़िर महिला ओलिंपिक चैम्पियन हों- भाजपा राज में महिला सुरक्षा का नामोनिशान नहीं बचा है।

हमने पिछले दिनों ही बेटी बचाओ पर मोदी जी से तीन सवाल पूछे थे, जिसमें से एक सवाल आँकड़े छिपाने पर भी था, आज आरटीआई के ताज़े खुलासे से मोदी सरकार के झूठ की कलई एक बार फ़िर खुल गई है।

ट्रक-बोलेरो में भिड़ंत, चार मरे छह घायल

चंदौली, 28 फरवरी (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश में चंदौली जिले के नौगढ़ क्षेत्र में ट्रक और बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। चालक को छोड़ कर सभी हताहत पश्चिम बंगाल के निवासी हैं।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि क्षेत्र के जय मोहनी पोस्ता के समीप बीती रात ट्रक व बोलेरो की आमने-सामने टक्कर होने से पश्चिम बंगाल से रिश्तेदारी में आए दो महिला एवं एक पुरुष के अलावा चंदौली के पालपुर गांव निवासी गाडी चालक की भी मौत हो गई। घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे सोनभद्र के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार नौगढ़ के पालपुर गांव में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने पश्चिम बंगाल से मुस्लिम समुदाय के कई लोग परिवार सहित आए थे। सभी लोग बीते 22 फरवरी को नौगढ़ के पालपुर गांव पहुंचे थे और 28 फरवरी को सोनभद्र के रेणुकूट से इन लोगों का ट्रेन में रिजर्वेशन था। रात में बोलेरो से 10 लोग ट्रेन पकड़ने के लिए निकले थे। नौगढ़ थाना क्षेत्र के जय मोहनी पोस्ता के समीप सामने से आ रहे ट्रक में बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें पालपुर निवासी गाडी चालक इस्तखार अहमद तथा पश्चिम बंगाल निवासी अख्तर, शाहिना, अकीलू निशा, की मौत मौके पर ही हो गई। वही अन्य छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गोरखपुर में ट्रिवपल मर्डर से सनसनी, पोते ने दादा-दादी समेत परिवार के तीन लोगों को फावड़े से काट डाला

गोरखपुर, 28 फरवरी (वेब वार्ता)। झंगहा के मोतीराम अड्डा में शुक्रवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे गांव को हिलाकर रख दिया। मानसिक रूप से अस्वस्थ रामदयाल मौर्य ने अपने ही परिवार के तीन बुजुर्गों दादा कुबेर मौर्य, बड़े दादा साधु मौर्य और दादी द्रौपदी की फावड़े से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सुबह करीब सात बजे कोईरान टोला में रामदयाल का हैवानियत भरा खेल शुरू हुआ। पहले उसने घर के दरवाजे पर बंधी पड़िया पर फावड़ा चला दिया। जब दादा कुबेर ने रोका, तो वह बिफर उठा। कुबेर जान बचाने के लिए खेत की ओर भागे, लेकिन रामदयाल ने पीछा कर उनके सिर पर फावड़े से वार कर दिया। खून से लथपथ कुबेर जमीन पर गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर बड़े दादा साधु बचाने पहुंचे, लेकिन रामदयाल का खौफनाक रूप देख वह खुद भी शिकार बन गए। जब दादी द्रौपदी ने अपने पोते को रोकने की कोशिश की, तो उसने उन पर भी फावड़ा चला दिया। तीनों के खून से गांव की कच्ची सड़क लाल हो गई।

हत्या के बाद रामदयाल शवों को खींचकर एक जगह बैठ गया। गांववालों ने हिम्मत दिखाकर उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और हत्या में इस्तेमाल फावड़ा बरामद कर लिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव,सीओ चौरी चौरा अनुराग ने सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्वजन व गांव के लोगों से मामले की जानकारी ली। मां ने भागकर बचाई जान घटना के समय घर में मौजूद रामदयाल की मां कुशमावती बेटे की खौफनाक हरकत देखकर कांप उठीं। उन्हें अंदाजा हो गया कि अगर रुकीं, तो अगला शिकार वही होंगी। वह जान बचाकर भागीं और गांववालों को इस भयानक घटना की जानकारी दी। पुलिस जांच में सामने आया कि रामदयाल के पिता विजय बहादुर पिछले शाम से ही घर नहीं लौटे थे।

अविवाहित थे साधु

75 वर्षीय साधु मौर्य अविवाहित थे। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी छोटे भाई कुबेर के साथ ही बिता दी। कुबेर के दो बेटे थे,विजय बहादुर और मेवालाल। लेकिन यह परिवार पहले से ही बिखराव की कगार पर था। मेवालाल हाल ही में छेड़खानी के मामले में जेल से छूटकर आया था, और विजय बहादुर अक्सर घर से गायब रहता है। एसपी उत्तरी जि?तेंद्र कुमार श्रीवास्त व ने बताया कि? मानसिक रुप से अस्वस्थ पौत्र ने फावड़े से हमला कर दादा, बड़े दादा व दादी की हत्या की है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। गांव में शांति-व्यवस्था है। घटना से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच चल रही है।

जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से एशियाई पर्वतीय क्षेत्रों में बाढ़ की घटनाओं में वृद्धि हुई

नई दिल्ली, 28 फरवरी (वेब वार्ता)। जलवायु परिवर्तन के कारण एशिया के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों(एचएमए) में बाढ़ आने की घटनाएं वर्ष 2000 के बाद से काफी बढ़ गई हैं। एक नए अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है।

पर्यावरण विशेषज्ञ सोनम वांगचुक सहित वैज्ञानिकों के एक दल द्वारा किए गए अध्ययन में 1950 से अब तक बाढ़ के 1,015 मामलों का विश्लेषण किया गया। वैज्ञानिकों ने कहा कि 1950 के बाद से इस क्षेत्र के औसत तापमान में लगातार वृद्धि हुई है, जो प्रति दशक 0.3 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रहा है। उनके मुताबिक, इस बीच स्थान और समय दोनों के संदर्भ में बारिश के पैटर्न जटिल तरीकों से बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ती गर्मी और बारिश के पैटर्न में बदलाव के कारण क्षेत्र का जल चक्र प्रभावित हो रहा है और बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। अध्ययन के लेखकों ने कहा, समयबद्ध प्रवृत्तियों के संदर्भ में, 2000 के बाद से दर्ज बाढ़ की घटनाओं की आवृत्ति पहले की अवधि की तुलना में आम तौर पर बढ़ी है, जिसमें बारिश के कारण आने वाली बाढ़ और बर्फ पिघलने से उत्पन्न होने वाली बाढ़ में काफी वृद्धि देखी गई है। अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केन्द्र (आईसीआईएमओडी) ने एक बयान में कहा, अध्ययन से यह पुष्टि होती है कि बाढ़ की आवृत्ति बढ़ी है, लेकिन एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त निष्कर्ष यह है कि बाढ़ के समय की अनिश्चितता में वृद्धि हुई है- हालांकि अधिकांश घटनाएं मानसून के दौरान होती रहती हैं, लेकिन इन अवधि के अलावा बाढ़ की आवृत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

एचएमए, जिसे 'एशियन वॉटर टॉवर' के नाम से भी जाना जाता है, ध्रुवीय क्षेत्रों के बाहर जमे हुए पानी का सबसे बड़ा स्रोत है। यह 10 प्रमुख नदियों को पानी देता है जो नीचे की ओर 2 अरब से अधिक लोगों का भरण-पोषण करता है। अपनी ऊंचाई और विशाल बर्फ आच्छादन के कारण, एचएमए जलवायु परिवर्तन के प्रति बेहद संवेदनशील है। पहले के अध्ययनों से पता चलता है कि इस क्षेत्र में तापमान वैश्विक औसत से दोगुनी गति से बढ़ रहा है, जिससे बारिश के पैटर्न में बदलाव आ रहा है। इससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है, खासकर ग्लेशियल झील के फटने से होने वाली बाढ़ (जीएलओएफ), जो आम होती जा रही है। उदाहरण के लिए, 2023 की गर्मियों में भारत, नेपाल और पाकिस्तान के दक्षिणी हिमालय में मानसून से उत्पन्न बाढ़ से 1,500 से अधिक लोग मारे गए। आईसीआईएमओडी ने कहा कि अध्ययन से यह पुष्टि होती है कि तेल, कोयला और गैस के जलने से क्षेत्र में बाढ़ की आवृत्ति बढ़ रही है। बाढ़ का सबसे आम प्रकार भारी बारिश और पिघलती बर्फ के कारण होता है। कम बार लेकिन कहीं अधिक अचानक आने वाली विनाशकारी बाढ़ें जीएलओएफ और भूस्खलन-बाधित झीलों में उफान से आने वाली बाढ़ हैं। वांगचुक ने चेतावनी देते हुए कहा, बाढ़ के नियम बदल रहे हैं और अनुकूलन के अवसर समाप्त होते जा रहे हैं।

उच्चतम न्यायालय ने मप्र में दो महिला न्यायिक अधिकारियों की सेवा समाप्ति आदेश को खारिज किया

नई दिल्ली, 28 फरवरी (वेब वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश में दो महिला न्यायिक अधिकारियों की सेवा समाप्ति के आदेश को खारिज करते हुए इस कार्रवाई को ''दंडात्मक, मनमानी और अवैध'' करार दिया। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने निर्देश दिया कि दोनों अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर सेवा में बहाल किया जाए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने फैसला सुनाते हुए कहा, ''इन दो न्यायिक अधिकारियों की सेवा समाप्ति दंडात्मक, मनमानी है और इसलिए यह कार्रवाई अवैध है।'' न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि फैसले में भारतीय न्यायपालिका में महिलाओं के मुद्दे पर भी चर्चा की गई है। शीर्ष अदालत ने 17 दिसंबर, 2024 को, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा दो महिला न्यायिक अधिकारियों की सेवा समाप्ति से संबंधित मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय: प्रथम तल, सोनी टॉवर, रोड नं. 2, मेव बोर्डिंग के पास, अलवर-301001

निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्ति की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(8) के साथ नियम 9 (1) के साथ पढ़ा जाए।

आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईसीआईसीआई एचएफसी) ने नीचे उल्लेखित गिरवी संपत्ति की बिक्री के लिए कई ई-नीलामी आयोजित की, हालांकि, ऐसी सभी ई-नीलामी विफल रही। अब, एक इच्छुक खरीदार ने उक्त संपत्ति को 36,000,000 रुपये की राशि में खरीदने की पेशकश के साथ आईसीआईसीआई एचएफसी से संपर्क किया है। इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका कब्ज़ा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरणों के अनुसार निजी संधि के माध्यम से ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/ कानूनी उत्तराधिकारियों का नाम ऋण खाता संख्या	सुरक्षित का विवरण ज्ञात के साथ संपत्ति रुकावटें, यदि कोई हो	असाधारण मात्रा	आरक्षित मूल्य अग्रिम जमा धन	सिंपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की तारीख समय	नीलामी तिथि से एक दिन पहले	सरफेसी अवस्था
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)	(एच)	(आई)
1.	दिनेश कुमार (उधारकर्ता) और पिंकी, (सह-उधारकर्ता), ऋण ऋण खाता संख्या LHAWR00001464829 और LHAWR00001464830 और LHAWR00001464831	मकान नं. 6/172 ए, लिग ब्लॉक नं. 6, एनईबी एक्सटेंशन स्कीम, अलवर, तहसील- अलवर, जिला- अलवर, राजस्थान	रु. 38,60,079 6 फरवरी, 2025 तक	रु. 21,50,000 / रु. 2,15,000	11 मार्च, 2025 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न	18 मार्च, 25 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न	17 मार्च, 25	भौतिक कब्ज़ा

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- https://assets.matexauctions.com) पर आयोजित की जाएगी। संभावित बोलीदाताओं को बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। (डीडी) (कॉलम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, शाखा कार्यालय का पता **17 मार्च, 2025 को शाम 04:00 बजे** या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लेखित है। संभावित बोलीदाताओं को इसकी एक हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तें फॉर्म, शाखा कार्यालय का पता **17 मार्च, 2025 को शाम 05:00 बजे** से पहले या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लेखित है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से ''आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'' के पक्ष में पाली में देय होना चाहिए।

आम जनता से अनुरोध है कि वे ऊपर उल्लिखित इच्छुक खरीदार द्वारा दी जा रही राशि से अधिक की बोली जमा करें। इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि यदि आईसीआईसीआई एचएफसी द्वारा उपरोक्त इच्छुक खरीदार द्वारा दी जा रही राशि से अधिक की कोई बोली प्राप्त नहीं होती है, तो गिरवी रखी गई संपत्ति उक्त इच्छुक खरीदार को नियम 8(8) आर/डब्ल्यू नियम9(1) के अनुसार बेची जाएगी। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002, बिक्री या बोली जमा करने के निरीक्षण, नियमों और शर्तों के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** से **9920807300** पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.icicihfc.com/ पर जाएं।

दिनांक: 01 मार्च, 2025
स्थान: राजस्थान

प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
CIN Number:- U65922MH1999PLC120106

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नीदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय दुकान नं. 1 वार्ड नं. 1, इण्डियन मेडिकल हॉल के पास, हमीन्दपुर रोड़, बहरोड़, जिला-अलवर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णत: व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णत: प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह। मो. नम्बर: 9829410051 ई-मेल-yuvrajsinghh@gmail.com